बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल

क्रमांक 237 / गोप. / 2023 भोपाल, दिनांक 11/5/23

अधिसूचना

सर्व संबंधितों को सूचित किया जाता है कि नई शिक्षा नीति NEP के अंतर्गत बी.ए./बी.कॉम./बी.एस.सी./बी.बी.ए./बी.सी.ए. प्रथम वर्ष के समस्त पूरक परीक्षाओं के परीक्षा परिणाम विश्वविद्यालय द्वारा घोषित किये जा चुके है।

आधार पाठ्यक्रम के दोनो प्रश्न-पत्रों सामान्य हिन्दी/सामान्य अंग्रेजी/योगा/पर्यावरण की ओ.एम.आर. शीट उत्तर-की (Answer-Key) सहित विश्वविद्यालय की वेबसाईट www.bubhopal.ac.in पर प्रदर्शित कर दी गई है। जिसे विद्यार्थी स्वयं देख सकते है, और आपत्ति होने पर सहपत्रों सहित अपने महाविद्यालय के प्राचार्य के माध्यम से विश्वविद्यालय में अपना आवेदन प्रस्तुत कर सकते है।

कुलसचिव
बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल।

पृ.क्रमांक 238 /गोपनीय/2023 भोपाल, दिनांक 11/5/23

प्रतिलिपिः-

1. समस्त प्राचार्य, शास. एवं अर्द्धशासकीय महाविद्यालय एवं विश्वविद्यालय से संबद्ध समस्त महाविद्यालय (म.प्र.)
2. कुलपति जी के निज सचिव के माध्यम से मान. कुलपति जी की ओर सूचनार्थ।
3. कुलसचिव जी के निज सहायक के माध्यम से कुलसचिव जी की ओर सूचनार्थ।
4. प्रभारी, आई.टी. सेल, ब.वि.वि. की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
5. नस्ती प्रति।

उप-कुलसचिव (गोप.)
बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल।

बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल

क्रमांक 239 ब.वि.वि. / गोप. / 2023

भोपाल, दिनांक 11/5/23

प्रति,

केन्द्राध्यक्ष / प्राचार्य
विश्वविद्यालय से संबद्ध समस्त महाविद्यालय

विषय :– राष्ट्रीय शिक्षा नीति (NEP) के तहत आयोजित होने वाली स्नातक कक्षाओं की सत्र 2022–23 की परीक्षाओं के आधार पाठ्यक्रम हेतु परीक्षार्थियों के लिये विश्वविद्यालय द्वारा जारी दिशा–निर्देश।

1. परीक्षार्थी उत्तर देने के लिए केवल काले या नीले बॉल पेन का प्रयोग करेंगे।
2. परीक्षार्थी उत्तर देने के लिए ओ.एम.आर. उत्तर पुस्तिका में संबंधित प्रश्न के चार गोलों में से एक गोले को पूरा काला करेंगे।
3. प्रत्येक प्रश्न के चार संभावित उत्तर होंगे, उनमें से एक उत्तर सही होगा। प्रश्न का सही उत्तर अंकित करने से एक अंक प्राप्त होगा। यदि एक से ज्यादा गोले काले किये जाऐंगे तो प्रश्न का मूल्यांकन नही किया जायेगा और शून्य अंक प्रदान किया जायेगा।
4. परीक्षार्थियों द्वारा वीक्षक को ओ.एम.आर. शीट सौंपने के पूर्व यह सुनिश्चित कर ले कि उत्तर शीट की सभी प्रविष्ठियॉ ठीक से भरी गई है।
5. परीक्षार्थियों को परीक्षा पूर्ण होने के उपरान्त ही परीक्षा केन्द्र छोडने की अनुमति होगी।
6. परीक्षार्थियों द्वारा ओ.एम.आर शीट प्रयोग करते समय पूरी तरह से सावधानी बरती जाए। इसे फटने, मोडने या सलवट पडने से खराब न होने दें।
7. सर्कल को चिन्हित करने की सही विधि निम्नानुसार है :–

(कोई एक सर्कल)

8. निम्नानुसार वृत्त चिन्ह गलत होगा।



9. ओ.एम.आर शीट पर परीक्षार्थियों द्वारा रफ वर्क नहीं किया जाना चाहिए।
10. प्रत्येक उत्तर के लिए केवल एक गोले को काला किया जाना चाहिए, सर्कल में परिवर्तन / काटने / सक्रेपिंग की अनुमति नही है।
11. परीक्षार्थी अपना रोल नंबर बाएं से दाएं भरें।
12. परीक्षा का नाम केवल बडे एवं स्पष्ट अक्षर में भरा जाना चाहिए।
13. समस्त परीक्षार्थियो को ओ.एम.आर शीट पर अंकित परीक्षा संबंधी निर्देशों का अक्षरशः पालन किया जाना अनिवार्य है।

कुलसचिव
बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल।

पृ.क्रमांक 246 / गोप. / 2020

भोपाल, दिनांक 11/5/23

प्रतिलिपि :–

1. कुलपति जी के निज सचिव के माध्यम से मान. कुलपति जी की ओर सूचनार्थ।
2. अतिरिक्त संचालक, भोपाल, नर्मदापुरम संभाग, उच्च शिक्षा विभाग, भोपाल की ओर सूचनार्थ
3. प्रभारी, आई.टी. सेल, ब.वि.वि. की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
4. नस्ती प्रति।

उप–कुलसचिव (गोप.)